प्रादेशिक समाचार

दिनांक–12.09.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड के पूर्व राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन आज भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में लेंगे शपथ।
2. केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने रांची स्थित सीसीएल मुख्यालय में एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र का किया उद्घाटन, ड्रोन और सेंसर आधारित यह केंद्र पारदर्शिता और परिचालन की बढ़ाएगा क्षमता।
3. केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झारखंड सरकार पर भ्रष्टाचार और जलजीवन मिशन की विफलता का लगाया आरोप, कहा–राज्य के लोग केंद्र संचालित योजनाओ से हो रहे वंचित।
4. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने एसआईआर तैयारियों की समीक्षा की, 17 सितंबर तक मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन पूरा करने का दिया निर्देश।
5. मौसम विभाग ने राज्य में अगले पांच दिनों तक बादल और हल्की से मध्यम बारिश का जताया अनुमान।

********************

सी.पी. राधाकृष्णन आज भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में राधाकृष्णन को पद की शपथ दिलाएँगी। इस महीने की नौ तारीख को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में वे विजयी हुए थे। एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन ने चार सौ 52 मत हासिल किए और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को एक सौ 52 मतों के अंतर से हराया। गौरतलब है कि सीपी राधाकृष्णन झारखंड के राज्यपाल रह चुके हैं।

********************

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने रांची के सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस में एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र (ICCC) का उद्घाटन किया। यह अत्याधुनिक केंद्र ड्रोन, सेंसर, कैमरा और वाहन ट्रैकिंग सिस्टम से प्राप्त लाइव फीड के जरिए वास्तविक समय पर निगरानी, जोखिम पहचान और रिपोर्टिंग सुनिश्चित करेगा। मंत्री ने पिपरवार क्षेत्र से सीधी बात कर इसकी कार्यप्रणाली को विस्तार से जाना और इसे पारदर्शिता और परिचालन क्षमता बढ़ाने वाला बताया।

********************

रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची सांसद संजय सेठ बाढ़ पीड़ितों का दर्द बांटने दो दिवसीय दौरे पर पंजाब पहुंचे और अमृतसर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत और बचाव कार्य की जानकारी ली। मंत्री ने सेना, एनडीआरएफ, भाजपा और स्वयंसेवी संगठनों के कार्यकर्ताओं की मदद की सराहना की और इसे प्रशंसनीय बताया।

********************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में झारखंड सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में विधि–व्यवस्था चौपट है और जलजीवन मिशन पूरी तरह फेल साबित हुआ है। गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि 95 से 97 प्रतिशत योजनाएं अधूरी हैं, जिसका लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है।

********************

स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्री मोदी ने दिवाली तक जीएसटी दरों में सुधार की घोषणा की थी। उनका यह सपना 3 सितंबर को साकार हुआ जब जीएसटी परिषद ने नागरिकों का जीवन आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर की दरें कम करने को मंजूरी दे दी।

********************

रांची में सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ. किरण कुमारी की अध्यक्षता में "स्वच्छता ही सेवा 2025" अभियान की तैयारी को लेकर नगर निगम कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि लंबे समय से कचरा जमा स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा और स्लम बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों को सेवाएं दी जाएंगी। निगम ने स्वच्छता शपथ और वेस्ट–टू–आर्ट प्रदर्शनी जैसी गतिविधियों के जरिए जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया।

********************

रांची में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कल सभी जिलों के ईआरओ, एईआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक कर एसआईआर से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि 17 सितंबर तक सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन पूरा कर रिपोर्ट जमा करें और 2003 की मतदाता सूची से वर्तमान सूची का मिलान अविलंब सुनिश्चित करें।

********************

रांची में नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2025 की तैयारियों को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें मतदाता सूची सत्यापन, मतदान केंद्र दस्तावेज़ और भवनों की समीक्षा पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक शहरी क्षेत्र में मतदाता सूची का शत–प्रतिशत सत्यापन हो और किसी भी मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या 1400 से अधिक न हो।

********************

सिमडेगा पुलिस ने नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान चोरी और खोए हुए 66 मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटाए। पुलिस अधीक्षक एम अर्शी ने कहा कि मोबाइल वापस कर लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाना सिमडेगा पुलिस की पहल है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मोबाइल खोने या चोरी होने पर थाने या सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।

********************

गिरिडीह डीसी रामनिवास यादव ने जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में सभी बैंकों से जमा अनुपात रेशियों को बढ़ाने का आदेश दिया है।

********************

मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी करते हुए कहा है कि राज्य में अगले पांच दिनों तक बादल छाए रहेंगे और हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। विभाग के अनुसार हिमालय के तराई क्षेत्र से लेकर बंगाल की खाड़ी तक बने टर्फ का असर झारखंड पर पड़ रहा है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 15 सितंबर के बाद राज्य में मौसम में सुधार होगा और बादल छंटने लगेंगे।

********************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

- राजधानी रांची से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने नगर विकास के 19 नवचयनित अफसरों को नियुक्ति पत्र सौपने और पाकिस्तानी आतंकी मॉड्यूल के मास्टर माइंड दानिश को हिरासत में लेने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
- दैनिक भास्कर की सुर्खी है–सूर्य हांसदा और नगरी के जमीन मामले में भाजपा का राज्यव्यापी प्रदर्शन, राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा।
- रांची एक्सप्रेस ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है कि राज्य का सर्वांगीण विकास सरकार की प्रतिबद्धता है।
- प्रभात खबर लिखता है–पाकिस्तान आतंकी मॉड्यूल का मास्टरमाइंड निकला दानिश, देश में बड़े हमले की थी योजना।
- हिंदुस्तान के शब्द हैं–तेज हवा के साथ 3 घंटे तक हुई बारिश, दो विमान डाइवर्ट।

********************